भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय

माह जून तथा जुलाई, 2024 के कार्यकलापों का सारांश

पर्यटन मंत्रालय की जून तथा जुलाई माह के दौरान पर्यटन से संबंधित विभिन्न पहलों और कार्यकलापों के मुख्य अंश निम्नानुसार हैं:

फोकस क्षेत्र	पर्यटन मंत्रालय की प्रमुख पहलों के मुख्य अंश
46वीं वर्ल्ड हेरिटेज कमिटी के समानांतर 'अतुल्य भारत प्रदर्शनी'	माननीय प्रधानमंत्री ने दिनांक 21 जुलाई, 2024 को भारत मंडपम, नई दिल्ली में वर्ल्ड हेरिटेज कमिटी के 46वें सत्र का उद्घाटन किया था। इसके समानांतर प्रतिनिधि मंडलों के समक्ष भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, सदियों पुरानी सभ्यता, भौगोलिक विविधता, पर्यटन से जुड़े अज्ञात आकर्षणों के साथ-साथ आधुनिक विकास को दर्शाने के लिए भारत मंडपम में 'अतुल्य भारत' प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। **सभी 36 राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों के साथ 10 केंद्रीय मंत्रालयों तथा विभागों** ने इस प्रदर्शनी में अपनी पेशकशों का प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शनी को सभी आगंतुकों से अत्यधिक सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। पर्यटन मंत्रालय ने दिल्ली शहर में प्रतिनिधिमंडलों के लिए हेरिटेज वॉक्स और टूर्स की व्यवस्था भी की।
होटल प्रबंधन संस्थान के छात्रों के ग्लोबल एक्सपोज़र में सहायता	आई एच एम छात्रों को ग्लोबल एक्सपोज़र का अवसर प्रदान करने और इस प्रकार उनके प्रशिक्षण में उनकी सहायता करने के लिए मंत्रालय ने यह सुनिश्चित किया कि चुनिंदा **आई एच एम छात्रों को वर्ल्ड हेरिटेज कमिटी की बैठक में भाग लेने वाले प्रतिनिधिमंडलों के साथ जोड़ा जाए।** दस दिन तक चली इस बैठक के अंत में अनेक प्रतिनिधिमंडलों ने इन छात्रों के प्रयासों की सराहना की और इसे डब्ल्यूएचसी बैठक के दौरान भारत में उनके अनेक स्मरणीय अनुभवों में से एक माना।
अंतर्राष्ट्रीय सहयोग	भारत के **माननीय पर्यटन मंत्री और मालदीव गणराज्य के माननीय पर्यटन मंत्री** के बीच दिनांक 30 जुलाई, 2024 को नई दिल्ली में एक द्विपक्षीय बैठक हुई थी। इस बैठक का लक्ष्य परस्पर समझ को मज़बूत करने, फ्लाइट कनेक्टिविटी बढ़ाने, सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देने, लोगों के बीच व्यक्तिगत संपर्क को प्रोत्साहित करने और पर्यटन के क्षेत्र में अन्य सहयोगात्मक अवसरों को चिह्नित करने पर केंद्रित सार्थक विमर्श के साथ दोनों देशों के बीच पर्यटन को बढ़ावा देना था। अपर सचिव, पर्यटन मंत्रालय ने दिनांक 13 जून 2024 को आयोजित **भारत-जापान पर्यटन सहयोग वर्ष** के शुभारंभ कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से भाग लिया। भारत और जापान, वर्ष 2024 को 'कनेक्टिंग हिमालयाज़ विथ माउंट फूजी' थीम के साथ भारत-जापान पर्यटन वर्ष के रूप में मना रहे हैं। महानिदेशक (पर्यटन) ने कंबोडिया के पर्यटन मंत्रालय के राज्य सचिव के साथ दिनांक 17 जून, 2024 को नई दिल्ली में आयोजित पहले **कंबोडिया-भारत पर्यटन वर्ष** के शुभारंभ कार्यक्रम में भाग लिया। इस समारोह में नोम पेन्ह और नई

	दिल्ली के बीच कंबोडिया अंगकोर एयर द्वारा एक दिन पहले ही शुरू की गई सीधी उड़ान सेवा के उद्घाटन का जश्न भी मनाया गया। इस कार्यक्रम में दोनों देशों के सरकारी पदाधिकारियों, टूर ऑपरेटरों और दिग्गज व्यवसायियों ने भाग लिया।
उद्योग के साथ संपर्क	केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय का कार्यभार संभालने के बाद माननीय पर्यटन मंत्री ने पर्यटन संबंधी प्राथमिकताओं और पर्यटन उद्योग के समक्ष आने वाली चुनौतियों पर विचार करने के लिए दिनांक 21 जून, 2024 को नई दिल्ली में **पर्यटन उद्योग संघों** के पदाधिकारियों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता की।
पर्यावरण और स्थायित्व	**विश्व पर्यावरण दिवस** के अवसर पर पर्यटन मंत्रालय ने अपने क्षेत्रीय भारत पर्यटन कार्यालयों के माध्यम से विभिन्न गंतव्यों में वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया जिसमें युवा पर्यटन क्लबों के सदस्यों ने भारत के माननीय प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए **#एक पेड़ माँ के नाम** अभियान के तहत पेड़ लगाए।

*****